आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 29.05.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- मध्योत्तर अंडमान में बी डी नाला में पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहनों के आवागमन को सीमित किया गया है।
- द्वीपसमूह में पन्द्रह जून को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- सरकारी सम्पतियों की सूची और प्रबंधन के लिए अंडमान निकोबार पुलिस में क्यू आर कोड प्रणाली की शुरूआत की गई है।
- सांसद कुलदीप राय शर्मा ने मुख्य सचिव से निकोबार ज़िले के छूटे हुए दूरदराज के द्वीपो ंके लिए नई खरीदी गई बसें आवंटित करने का अनुरोध किया है।
- भारतीय खेल प्राधिकरण की विशेष प्रशिक्षण केन्द्र पोर्ट ब्लेयर में विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जारवा आरक्षित क्षेत्र में बी डी नाला में पुल के डेक स्लैब के बांयी ओर के हिस्से के क्षतिग्रस्त होने के कारण यातायात पर असर पड़ा है। इसके दूसरे भाग में भी दरारे पाई गई है। सड़क का इस्तेमाल करने वाले लोगों की सुरक्षा और किसी भी गंभीर दुर्घटना से बचने के लिए पुल पार करने वाले वाहनों के लिए दिशा–निर्देश जारी किया गया है। सभी भारी वाहन जो निर्माण सामग्रियां या माल आदि ले जाते हैं, उन्हें अब सात से आठ क्यूबिक मीटर लोड ले जाने की अनुमति होगी। सभी ऑयल टैंकर और एल पी जी सिलेण्डर ले जाने वाले वाहन सात से आठ क्यूबिक मीटर लोड ही ले जा पाएंगे। वाहनों की गति को भी दस किलोमीटर प्रतिघंटा कर दिया गया है। एक समय में एक ही वाहन को पुल पार करने की अनुमति होगी।

<><><><><><><>

ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की द्वीपसमूह इकाई द्वारा पन्द्रह जून को द्वीपों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। पोर्ट ब्लेयर के ज़िला न्यायालय परिसर के अलावा मायाबंदर और डिगलीपुर में भी लोक अदालत का आयोजन होगा। लोक अदालत में विभिन्न मामलों का समाधान किया जाएगा। इनमें पैसे की प्राप्ति, श्रम विवाद मामले, बिजली, पानी के बिल,

रख–रखाव के अलावा सार्वजनिक और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम से जुड़े मामलों का निपटारा किया जाएगा। इच्छुक लोग विवादों के विवरण के साथ लिखित में अपने मामले सात जून तक पोर्ट ब्लेयर स्थित ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव के पास भेज सकते हैं, ताकि उनके मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनवाई के लिए पेश किया जा सके।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद और वर्तमान में लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बिष्णु पद रे ने कहा कि वे द्वीपवासियों की सेवा के लिए काम करते रहेंगे। कल पोर्ट ब्लेयर में प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि द्वीपवासियों की विभिन्न समस्याओं को सुलझाने के लिए वे प्रयासरत है और आगे भी वे इस दिशा में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जितनी भी विसंगतियां हैं, उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाएगा तथा राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे सभी मुद्दों को उचित मंच पर उठाकर उसका समाधान किया जाएगा, ताकि द्वीपवासियों को किसी भी क्षेत्र में कोई परेशानी न हों।

<><><><><><><>

तकनीकी कारणों के चलते आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर से प्राइमेरी चैनल पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों का आज सुबह दस बजे से दिन में दो बजे तक प्रसारण नहीं होगा, हालांकि इस दौरान एफ. एम 100.9 पर प्रसारण जारी रहेगा।

<><><><><><><>

सरकारी सम्पतियों की सूची और प्रबंधन के लिए अंडमान निकोबार पुलिस में क्यू आर कोड प्रणाली की शुरूआत की गई है। पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने हाल ही में आई आर बी एन मुख्यालय में इसका उद्‌घाटन किया। इस नई क्यू आर कोड प्रणाली से सरकारी सम्पतियों के प्रबंधन को काफी बल मिलेगा और इसके रख–रखाव तथा निगरानी में भी यह प्रणाली लाभदायक होगी। अब सभी सम्पतियों को एक अद्‌भूत क्यू आर कोड से टैग किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक के नेतृत्व में द्वीपों की विभिन्न पुलिस इकाईयों में कई ई–प्रयासों को अमल में लाया गया है। इससे डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को भी सफल बनाने में सहयोग मिला है। उद्‌घाटन अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक सिंधु पिल्लई, उप–महानिरीक्षक मोनिका भारद्वाज के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण की विशेष प्रशिक्षण केन्द्र पोर्ट ब्लेयर में विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। फुटबॉल में तीन लड़कियों का आवासीय और पांच लड़कियों का गैर–आवासीय सुविधा के साथ चयन होगा। ज़िला राज्य या स्कूल स्तर पर पदक प्राप्त खिलाड़ियों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। कयाकिंग और कैनोइंग स्पर्धा में चार लड़के और चार लड़कियों का तथा रोइंग में सात लड़के और चार लड़कियों को चयन होगा और इन्हें आवासीय सुविधा प्रदान की जाएगी। योग्य उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। सम्पूर्ण जांच के बाद ही उम्मीदवारों का चयन होगा। आवासीय योजना के तहत चयनित प्रशिक्षणार्थियों को रहने–खाने की निःशुल्क सुविधा के साथ खेल सामग्रियां, परीक्षा की तैयारियों, शैक्षिक खर्च, चिकित्सा और बीमा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होगी। इच्छुक उम्मीदवार अपने मूल दस्तावेजों के साथ पांच से सात जून तक सुबह साढ़े नौ बजे नेताजी स्टेडियम में साई प्रशिक्षण केन्द्र में उपस्थित हो सकते हैं।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त ने हाल ही में करेन समुदाय के प्रतिनिधियों और करेन यूथ क्लब के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में युवाओं के लिए खेल सुविधाओं के विकास और अन्य खेल व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। प्रतिनिधियों ने बताया कि द्वीपसमूह में करेन समुदाय के अगले वर्ष सौ वर्ष पूरा होने की स्मृति में करेन उत्सव के लिए सहयोग की आवश्यकता है। ज़िला उपायुक्त ने इस समुदाय के लोगों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराने, महिला स्वयं सहायता समूह को सशक्त बनाने, प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शी कार्यक्रम चलाने और युवाओं के लिए खेल में पेशेवर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी और गैर–सरकारी संगठन पंख की ओर से दो दिवसीय अवकाश मनोरंजन फिटनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न देखभाल संस्थानों के करीब पचास बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला में समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने कहा कि बच्चों को फिट रखने के लिए इस तरह की कार्यशाला महत्वपूर्ण है और इससे उनका मानसिक, शारीरिक विकास होता है। आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिव प्रसाद ने बच्चों को समस्या समाधान करने के

तरीकों से अवगत कराया। पंख की अध्यक्षा कोमल आनन्द ने छुट्टियों के दिनों में बच्चों के स्वास्थ्य और देखभाल पर जानकारी दी। कार्यक्रम में कई अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

सांसद कुलदीप राय शर्मा ने मुख्य सचिव से निकोबार ज़िले के छूटे हुए दूरदराज के द्वीपो ंके लिए नई खरीदी गई बसें आवंटित करने का अनुरोध किया है। मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में सांसद ने हाल ही में खरीदी गई इक्कीस नई बसों को सेवा में शामिल करने के लिए प्रशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को बढ़ाएगी और द्वीपों के निवासियों को इससे काफी लाभ मिलेगा। सांसद ने कहा कि इन दूरदराज के क्षेत्रों में बसों की संख्या बढ़ाने से न केवल द्वीपवासियों की ज़रूरतों को पूरा किया जाएगा, बल्कि जन–जातिय लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और रोज़गार के अवसरों तक बेहतर पहुंच की सुविधा प्रदान कर सम्पूर्ण सामाजिक–आर्थिक विकास में योगदान दिया जा सकता है।

<><><><><><><>

पशु पालन और पशु चिकित्सा विभाग द्वारा स्वराज द्वीप में हाल ही में दो दिवसीय नस्बंदी शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में आवारा जानवरों की आबादी को नियंत्रित करना है। शिविर में पालतू जानवरों के मालिकों को नस्बंदी के लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक बीस दशमलव चार मिलीमीटर, मायाबंदर में तेरह दशमलव चार, लांग आइलैंड में नौ, हटबे में आठ दशमलव दो और कार निकोबार में दो दशमलव छः मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। दो जून की सुबह साढ़े आठ बजे तक के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि तेज हवाओं के साथ भारी वर्षा होगी और समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को कल तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खिया

उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड ने देश में फिटनेस संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। कर्नाटक में एन. आई टी एम की स्थापना दिवस पर उप–राष्ट्रपति के संबोधन को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बडी खबर बनाया हैं। मध्योत्तर अंडमान जिले में लगातार अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया जा रहा है– द्वीप समाचार  की खबर है। भारतीय तटरक्षक की ओर से मत्स्य जलयानों के मालिकों और मास्टर के साथ बैठक आयोजित करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है, जबकि इंफो इंडिया ने आज अपने संपादकीय में वीर सावकर की जयंती पर विशेष अंक प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>